SEAT NO : ____________  No. of Printed Pages : 02

[31]

# SADAR PATEL UNIVERSITY

**F.Y.B.A. Examination, [1st Semester]**

**Thursday, 14 November 2019**

**Time : 10-00a.m. To 01-00p.m.**

**SUBJECT : HINDI LITERATURE PAPER : 21, SUBJECT CODE : UA01CHIN21**

**SUBJECT TITLE : आधुनिक हिन्दी कविता ( यशोधरा, काव्य कलश )**

**TOTAL MARKS : 70**

---

सूचना : हिन्दी में शिरोरेखा लगाना अनिवार्य है।

प्रश्न : 1 ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। ( किन्हीं तीन ) (15)

(1) तुम भिक्षुक बनकर आये थे, गोपा क्या देती स्वामी?
था अनुरूप एक राहुल ही रहे सदा यह अनुगामी।
मेरे दुःख में भरा विश्व सुख, क्यों न भरूं फिर मैं हामी !
बुद्धं शरणं, धर्मं शरणं, संघं शरणं गच्छामि।

(2) चेरी भी वह आज कहाँ, कल थी जो रानी;
दानी प्रभु ने दिया उसे क्यों मन यह मानी?
अबला जीवन हाय ! तुम्हारी यही कहानी,
आँचल में है दूध और आँखों में पानी !

(3) सूखी कितनी इसकी कलियाँ, मुर्झाई कितनी वल्लरियाँ
जो मुर्झाई फिर कहाँ खिलीं पर बोलो सूखे फूलों पर,
कब मधुवन शोर मचाता है? जोब ीत गई सो बात गई !

(4) उस असीम का सुन्दर मंदिर मेरा लघुतम जीवन रे !
मेरी श्वासें करती रहती नित प्रिय का अभिनन्दन रे !

(5) बीती विभावरी जाग-री !
अम्बर पनघट में डुबो रही-
तारा-घट ऊषा नागरी !
खग-कुल कुल-कुल-सा बोल रहा,
किसलय का अंचल डोल रहा,
लो यह लतिका भी भर लाई-
मधु मुकुल नवल रस गागरी।

प्रश्न : 2 "यशोधरा काव्य रचना के पीछे कवि का उद्देश्य था नारी की महत्ता एवं गौरव का गान करना"- इस कथन के आधार पर गुप्तजी की भावना की चर्चा कीजिए। (20)

<u>अथवा</u>

टिप्पणी लिखिए । (क) 'यशोधरा' काव्य का मंगलाचरण।

(ख) 'यशोधरा' काव्य का राहुल।

प्रश्न : 3 'सन्ध्या सुन्दरी' कविता का भावार्थ लिखिए। (20)

अथवा

टिप्पणी लिखिए । (ग) 'हिमाद्री तुंग श्रृंग से' कविता का भाव सौन्दर्य।

(घ) 'सरस्वती वंदना' कविता का भावार्थ।

प्रश्न : 4 (अ) टिप्पणी लिखिए । ( कोई एक ) (08)

(च) अभिधा शब्दशक्ति का परिचय।

(छ) काव्य में अलंकारों का महत्व।

(आ) निम्नलिखित अति लघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( किन्हीं सात ) (07)

(1) छायावाद के चार मुख्य कवियों के नाम लिखिए।
(2) प्रेम और सौन्दर्य का कवि किसे कहा जाता है?
(3) आधुनिक युग की मीरा किसे कहा गया?
(4) निराला ने अपनी स्वर्गस्थ पुत्री के नाम पर कौन-सा काव्य लिखा?
(5) हरिवंशराय बच्चन के तीन प्रसिद्ध काव्य ग्रंथों के नाम लिखिए।
(6) सिद्धार्थ के सेवक का नाम लिखिए।
(7) सिद्धार्थ ने कहाँ और किस नदी के किनारे तपस्या आरम्भ की थी?
(8) गौतम बुद्ध ने किस बात का विरोध किया था?
(9) मैथिलीशरण गुप्त के आराध्य देव कौन है?

—x—